>

Title: Need to declare 19 February - the birthday of Chhatrapati Shivaji Maharaj - as 'Rashtra Bhakti Prerna Diwas'.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): मैं समतावादी विश्ववंद्य छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवार्थ का विषय सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा विश्ववंद्य छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से जानी जाती है। यूरोप, अमेरिका, चीन, रूस, आष्ट्रेलिया, क्यूबा, मध्यपूर्व देशों के विश्वविद्यालयों में राष्ट्रवाद विकसित करने के लिए विश्ववंद्य छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन चरित्र पढ़ाया जाता है। अमेरिका को पराजित करने वाले वियतनाम ने शहीदों के लिए बनाये गये राष्ट्रीय स्मारक पर लिखा है " यह स्मारक छत्रपति शिवाजी के मावलों का है ", भारत का मानव इतिहास सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से गुलामी का रहा है। विपरीत परिस्थिति में एकसंघ राष्ट्रीय स्वाभिमान से संकल्पित महाराजा शाहजी राजे तथा राष्ट्रमाता जीजाबाई ने पुत्र शिवाजी को स्वराज संकल्प से सिंचित करके भारत के लोगों को प्रजातांत्रिक व्यवस्था से स्वराज्य शासन प्रदान किया। दुनिया में दर्जनों राष्ट्रीय क्रंति छत्रपति शिवाजी महाराज को आदर्श मानकर सफल हुई है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मदिन (19 फरवरी) को "राष्ट्रभक्ति प्रेरणा दिवस " के रूप में घोषित करे, जिससे देश के नव जवानों में भी देशभक्ति की प्रेरणा जागृत हो सके।